

## एक नजर में

### वैष्णो देवी के लिए पदयात्रा निकली

**करनवास 16 जुलाई, सं.** वैष्णो देवी के लिए पदयात्रा राम राम मंदिर की पूजन कर नीलकंठ महादेव का बस स्टैंड से से आशीर्वाद लेकर अरविंद खटीक सोनू खटीक करनवास से महेश खटीक पचोर से तीनों ने मां वैष्णो देवी के देवी के लिए पैदल यात्रा कारणवाद से शुरू की यह पहले साइकिल से कर चुके हैं अब पैदल करने जा रहे हैं. गांव के सभी महिलाओं और पुरुषों ने बैंड बाजा के साथ विदा किया.

### भृत्य के साक्षात्कार 26 एवं 27 को

**राजगढ़ 16 जुलाई, का.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टाम शाखा में एक वर्ष की संविदा के आधार पर स्टॉलफ भर्ती हेतु कार्यालय द्वारा जनवरी, 2025 में ऑफिस असिस्टेंरट/कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं भृत्य, के पद पर नियुक्ति किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए. भृत्य पद पर 234 आवेदकों हेतु साक्षात्का2र तिथि निर्धारित की गई है. जिसमें जिला न्यायालय परिसर में 26 जुलाई, 2025 को प्रात- 8 बजे से 10-30 बजे तक 50 तक आवेदकों का साक्षात्काकर अनुमोदित सूची अनुसार पंजीयन क्रमांक 01 से 50 तक लिया जाएगा. इसी प्रकार 27 जुलाई को प्रात: 10 से दोपहर 02 बजे तक 100 आवेदकों का साक्षात्कार अनुमोदित सूची अनुसार पंजीयन क्रमांक 51 से 150 तक एवं दोपहर 03 बजे से 06 तक 84 आवेदकों का साक्षात्कार अनुमोदित सूची अनुसार पंजीयन क्रमांक 151 से 234 तक लिया जाएगा.

### पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिये शुरू होगा अभियान

**राजगढ़ 16 जुलाई, का.** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया है कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिये प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा. अभियान के बेहतर संचालन के लिये तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिये इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है. जिले में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि प्रदान की जा रही है. योजना की अनिवार्य कार्यवाही ई-केवायसी, आधार, बैंक खाता, डीबीटी केलिए इनेवल एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसी अनिवार्य कार्यवाही पूर्ण उपरांत ही हितग्राहियों को राशि प्राप्त होती है. योजना की 20 वीं किस्त माह जुलाई 2025 में किया जाना प्रस्तावित है.

### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**पड़ाना 16 जुलाई, सं.** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रो में 1 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है. जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात दोष, पोषण की कमी, बुद्धि विकास में देरी और बीमारियों की पहचान का प्रबंधन करना है. इसी के चलते बुधवार आरबीएस टीम पचोर द्वारा नगर के गांधी चौक टैम्पो स्टेण्ड पर स्थित एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय परिसर में पहुंची. जहां कक्षा 1 से आठवीं तक के 100 के लगभग छात्र छात्रों का हीमोग्लोबिन की जांच, हाईट, वजन, आंख, कान, गला, खून की कमी, इत्यादि स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. इस दौरान 12 बच्चों में हीमोग्लोबिन का स्तर कम पाए जाने के कारण आयरन की टेबलेट दी गई. इस दौरान आरजू खान सिस्टर संजू सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे.

# जिला अस्पताल से डॉक्टर गायब, अटेंडेंस एप से

## निरसार्थक एप्प : डीआरपी स्कीम के 12 में से सिर्फ 2 डॉक्टर ड्यूटी पर, आरएमओ बोले फर्जी अटेंडेंस नहीं मानूंगा

**शासन तकनीकी माध्यमों से व्यवस्थाएं सुधारकर नागरिक सेवाओं को उन्नत करने में लगा है और स्थानीय अमला उसे सार्थक की बजाया निरर्थक साबित करने में लगा हुआ है**




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जुलाई, का. व्यवस्थाओं में सुधार लाने, नागरिकों सेवाओं को दुरूस्त और मुस्तैद करने के लिए शासन और प्रशासन द्वारा कई सुधार और नवाचार किए जा रहे है. इसी कड़ी में हाल ही में सार्थक एप के द्वारा अटेण्डेंस लगाने की परंपरा शुरू की गई है. लेकिन इस सार्थक एप्प और निरर्थक बनाने में कर्मचारी लगे हुए. ताजा मामला जिला अस्पताल में सामने आया है जहां जिला अस्पताल से डॉक्टर गायब मिले, उनकी हाजिरी बकायदा लगी है लेकिन कैसे यह सवाल है.** साथ ही एक दूसरे की आईडी और लॉगिन करके उपस्थिति दर्ज करा रहे है लेकिन कार्यस्थल से गायब है. ऐसे में एप्प कितना सार्थक हो रहा है समझा जा सकता है.

जिला अस्पताल काफी दिनों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से झुझ रहा है तो वही दूसरी ओर मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल तो पहुंच रहे हैं,लेकिन वहां निर्धारित डॉक्टर ही पूरे अस्पताल का काम पूरा करने को मजबूर है वहीं दूसरी और जिला अस्पताल में डीपीआर (जिला रेजीडेंसी कार्यक्रम) के तहत, स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल छात्रों को तीन महीने के लिए जिला अस्पताल में काम करने और ट्रेनिंग पर कॉलेज द्वारा भेजा जाता है. इस दौरान, उन्हें सीनियर डॉक्टरों की निगरानी में ट्रेनिंग दी जाती है और उन्हें ओपीडी, आपातकालीन, और आईपीडी के साथ-साथ रात में भी ड्यूटी करनी होती है. लेकिन जिला अस्पताल राजगढ़ में डीआरपी के कुल 12 डॉक्टरों की तैनाती की गई है, लेकिन ड्यूटी पर सिर्फ दो ही डॉक्टर मिले, बाकी 10 केवल मोबाइल ऐप की उपस्थिति में मौजूद पाए गए.

### ऐप पर लग रही कहीं से भी हाजरी

अस्पताल के आरएमओ डॉ .अमित कोहली ने इस मामले पर बताया कि सार्थक ऐप पर लग रही हाजिरी फर्जी है. एक ही डॉक्टर, अन्य डॉक्टरों की आईडी लॉगिन कर, मोबाइल से उनकी फोटो और लोकेशन के साथ अटेंडेंस फीड कर देता है. मैं खुद इस सम्बन्ध ने सख्ती से निर्देश दे चुका हूं. डीआरपी वाले डॉक्टर की इमरजेंसी में ड्यूटी लगाई जाती हैं. बाकी समय मेंटर की निगरानी में रोज ड्यूटी करना चाहिए. मेरे द्वारा किसी को भी फर्जी तरीके से अटेंडेंस नहीं दी जाएगी और में तो पिछले बेच के बच्चों को भी अब्सेंट लगा चुका हु अभी भी लगाऊंगा. जो डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं होंगे, उनकी हाजिरी मान्य नहीं की जाएगी ङ्क चाहे कोई कितना भी दबाव क्यों न बनाए.

### नवभारत लाईव : घर पर डॉक्टर, हाजिरी सिस्टम में

**नवभारत** ने जब जिला अस्पताल में हकीकत की पड़ताल की, तो वहां पाया कि अस्पताल में डॉक्टरों की सार्थक ऐप पर डिजिटल हाजिरी तो भरी जा रही है लेकिन काम बिना किए ही वह डॉक्टर अपने घर आराम पर है. जानकारी के अनुसार कोई भी एक डॉक्टर अपने फोन में सार्थक ऐप को लॉगिंग कर अलग अलग आईडी से जिला अस्पताल की एक ही लोकेशन पर फोटो सेट कर हाजिरी भर दिया करते है ऐसे में सार्थक ऐप पर वह अटेंडेंस उनके फोटो के साथ लाइव बिल्कुल ओरिजनल दिखती है ऐसे में बिना अस्पताल आए ही उनकी हाजिरी मान्य हो जाती है ऐसा डीआरपी के डॉक्टरों का मानना है. वही 12 डॉक्टर जिला अस्पताल में इन दिनों डीआरपी में आए है जिनमें से डॉ. निकिता गुप्ता ईएनटी, डॉ .अरविंद नागर आर्थोपेटिक, डॉ .राघवेन्द्र टी जनरल सर्जन, डॉ .पूजा चौधरी ऑप्थो, डॉ .सौरभ तिवारी जनरल सर्जन, डॉ. दीपिका जोशी एनेस्थीसिया, यह डॉक्टर जिला अस्पताल से गायब नजर आए बाकी अटेंडेंस बाकायदा सार्थक ऐप पर बिल्कुल ओरिजनल तरीके से लगी हुई है. मंगलवार को दो डॉक्टर जिला अस्पताल में ड्यूटी पर नजर आए जिसमें डॉ. ओम प्रकाश पाटीदार आर्थोपेटिक, डॉ .महेश कुमार दांगी मेडिसिन यह दो ही डॉक्टर सिर्फ अस्पताल में नजर आए बाकी नदारत रहे.

### मेंटर्स बोले- हमने तो अभी तक देखे ही नहीं डॉक्टर

डॉक्टरों की निगरानी के लिए नियुक्त संबंधित मेंटरों से अलग अलग चर्चा की गई तो चौंकाने वाले खुलासे हुए. 12 में से अधिकांश मेंटर्स ने स्वीकार किया कि डॉक्टर तो आए ही नहीं, हमें उनकी शक्ल तक याद नहीं है. हालांकि 12 में चार मेंटर से बात की तो उनमें से एक मेंटर बोले कि मैंने तो अभी तक दर्शन नहीं किए. वही जब दूसरे मेंटर से बात की तो उन्होंने कार्य करते हुए लाइव दिखाया,उधर जब तीसरे मेंटर से बात की तो उन्होंने बताया कि एक दो बार मेरे पास आए है लेकिन अब उनकी ड्यूटी मेटरनिटी में लगा दी गई है ऐसे में जब मौके पर जाकर उन डॉक्टरों की तलाश की तो मेटरनिटी के स्टाफ ने साफ तौर पर बोला कि यहां इस नाम का कोई डॉक्टर आज तक नहीं आया है. चौथे मेंटर ने भी साफ का कि जिस दिन मेरे पास वो आए थे उसी दिन साफ शब्दो में समझा दिया था कि काम करोगे तो ही में साइन करूंगा अन्यथा नहीं.

### बिजली कंपनी में कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस

**राजगढ़ 16 जुलाई, का.** प्रदेश के सभी 6 विद्युत कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना स्वीकृत कर दी गई है. मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों में कार्यरत अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस) के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है. इस योजना का लाभ प्रदेश की 6 विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके परिजन को मिलेगा। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की विद्युत कंपनियों में पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है. मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जानकारी दी कि पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन के लिये 15 जुलाई को ई-टेंडर जारी कर दिया गया है. इस योजना के कार्यान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) चयन के लिये (आईआरडीएआई) द्वारा लाइसेंस प्राप्त किसी मौजूदा तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) या उसकी होल्डिंग कंपनी या उसकी सहायक कंपनी या उसकी समूह कंपनी, जिन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का वृहद् अनुभव हो, से टेंडर आमंत्रित किए गए हैं.

## डेंगू के 3 केस मिले, प्रभावित ईलाकों में टीमें तैनात

### समय पूर्व डेंगू की दस्तक ने बढ़ाई चिंता

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जुलाई, का. प्राय: अगस्त माह के आखिरी दिनों सितम्बर में डेंगू के मामले सामने आते है किंतु इस बार एक माह पूर्व ही डेंगू पॉजिटिव सामने आने लगे है.** स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तीन दिन पूर्व राजगढ़ तहसील के ग्राम शाहपुरा में एक व्यक्ति की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी. इसी प्रकार जीरापुर के ग्राम तमोलिया में 2 लोगों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी तथा विगत दिवस राजगढ़ शहर में एक व्यक्ति की रिपोर्ट भी डेंगू पॉजिटिव आयी. **प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची टीमे**-डेंगू के मामले सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीम गठित कर उन्हें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाया गया जिनके द्वारा मौके पर पहुंचकर सर्वे कर बीमार लोगों का उपचार किया तथा सावधानियां बरतने को कहा. टीमों के द्वारा लार्वा एवं फीवर का सर्वे किया जा रहा है. **बारिश के जमा पानी से खतरा**-बारिश के दिनों में घर एवं आसपास गड्ढे में बारिश का पानी भर जाने से मच्छर पनपते है. डेंगू एंडीज मच्छर के काटने से फैलता है. घर के आसपास, छत पर रखे सामान में एकत्रित पानी में यह मच्छर पनप जाता है. डेंगू होने पर तेज बुखार आना, मांसपेशी, हड्डियों एवं जोड़ो में तेज दर्द, घबराहट, उल्टी, शरीर पर लाल दाने आने, सिर दर्द आदि लक्षण डेंगू में नजर आते है. पानी में जीवन रक्षक घोल (ओआरएस) मिलाकर पिये.

*सप्ताह भर में तीन मरीजों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी है. प्रभावित क्षेत्रो में स्वास्थ्य विभाग की टीमे पहुंचकर सर्वे कर उपचार कर रही है.*

**डा. महेन्द्रपाल सिंह, जिला महामारी नियंत्रक राजगढ़**

### स्वामी परमानंद महाराज का आगमन आज



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 16 जुलाई, का.** युग पुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज का आज 17 जुलाई को नगर में आगमन होगा. गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महाराजश्री का आज शाम 5 बजे नगर में आगमन होगा. महाराज श्री के आगमन से उनके शिष्यों, धर्मप्रेमी नागरिकों में काफी उत्साह है. महाराजश्री की जोरदार अगुवानी नगर में की जाएगी. कल 18 जुलाई की सुबह 9 बजे भोपाल बायपास चौराहा स्थित श्री अखण्ड परमधाम पर पादुका पूजन एवं अमृतवाणी सत्संग का कार्यक्रम होगा. धर्मप्रेमी नागरिकों से महाराजश्री की अगुवानी करने एवं आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.





## निर्माण नहीं आफत : घरों में घुस रहा बारिश का पानी

### रोड निर्माण कर रहे ठेकेदार की लापरवाही से लोगों के घरों में घुस रहा पानी

नवभारत न्यूज

**तलेन 16 जुलाई, सं.** करीब 65.5 करोड़ की लागत से बन रहे मऊ-तलेन मार्ग निर्माण में खूब अनियमितताएं हो रही है. जिनकी पोल भी अब खुलने लगी है. लेकिन जिम्मेदार अब भी ध्यान नहीं दे रहे है. जिसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है. दरअसल उक्त मार्ग निर्माण के दौरान तलेन में सीसी सड़क का निर्माण किया गया. लेकिन दोनों ओर नालियां बनाई ही नहीं गई. ऐसे में अब बारिश में पानी सड़कों पर बहने लगा है. साथ ही कई रहवासियों के घरों में भी पानी घुस रहा है. जिसके कारण काफी परेशानी लोगों को हो रही है. ऐसे में आगामी बारिश के दिनों में तो परेशानी ओर भी बढ़ जाएगी. लेकिन जिम्मेदार ध्यान ही नहीं दे रहे है. स्थानीय पीरू लाल विश्वकर्मा, बद्री लाल यादव, राजवर्धन सिंह, राहुल यादव समेत अन्य लोगों ने बताया कि गोटेड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सीसी सड़क बनाई है. लेकिन नाली निर्माण की अनदेखी की गई. इससे हल्की बारिश में ही मार्ग के किनारे बसे घरों में पानी भर गया. यदि तेज बारिश हुई तो घर तो जलमग्न हो जाएंगे. ऐसे में रहवासियों ने जिम्मेदारों से जल्द ही व्यवस्था सुधारने की मांग की है.

#### कुछ जगह सीसी कुछ जगह हो रहा डामर

उक्त मार्ग केंद्र सरकार के सड़क परिवहन विभाग के माध्यम से बन रहा है. जिसकी कुल लंबाई 25 किमी है. यह मऊ, पड़ाना, आशारेटा, टिकोद, तलेन को राष्ट्रीय राजमार्ग और राजधानी से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है. निर्माण कार्य में डामरीकरण, सीसी सड़क, पुल-पुलिया और बायपास शामिल हैं, जिसे गोटेड कंस्ट्रक्शन कंपनी बना रही है।वही इस समस्या को लेकर स्थानीय नगर निकाय ने भी कोई रूचि नहीं दिखाई वही जिम्मेदार पदों पर बैठे जनप्रतिनिधि यों को आम जनता की समस्या से जैसे कोई लेना देना नहीं है देखना यह होगा आखिर कब समस्या से मुक्ति मिलेगी.

#### गुणवत्ता पर भी नहीं ध्यान

उक्त मार्ग निर्माण में पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मनमाना निर्माण कार्य किया जा रहा है. लेकिन जिम्मेदार ध्यान ही नहीं दे रहे है. कुछ जगह अतिक्रमण हटाए बिना भी मार्ग निर्माण किया गया. ऐसे में भविष्य में मार्ग सकरा ही रह जाएगा. वही निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे है. लेकिन किसी को इसकी चिंता नहीं है.

## राज्यमंत्री ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज सारंगपुर 16 जुलाई, सं.** राज्यमंत्री गौतम टेटवाल द्वारा नगर के वार्ड 18 जयनगर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया. सड़क निर्माण एवं संजीवनी क्लिनिक का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य समय पर, सही ढंग से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके. क्षेत्रवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने वार्ड व नगर के विकास में सक्रिय सहयोग करें. कोई भी समस्या या सुझाव हो तो अवगत कराएं. इस अवसर पर मुख्य नपाधिकारी श्रीमती ज्योति सुनहरे, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, वार्ड पार्षद एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे.

### पीपल्या कलां गांव में पर्यावरण संरक्षण की नई पहल

**खिलचीपुर 16 जुलाई, सं.** भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत ग्राम पीपल्या कलां में पंख शिक्षा,संस्कृति विकास समिति के सानिध्य में वालिंटियर श्रीनाथ दांगी के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य श्री देवनारायण जी दांगी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में तथा गांव के वृद्ध पटेल साहब श्री रामचरण जी दांगी के स्वर्गवास होने पर परिवार वालों के सहयोग से सार्वजनिक शमशान स्थल पर पौधारोपण किया गया,जिसमें समिति के साथ गांव के लोगों ने पौधारोपण में हिस्सा लिया.

## नगर को सुंदर और प्रदूषण रहित बनाने का लिया संकल्प



**सारंगपुर 16 जुलाई, सं.** डीलर एसोसिएशन सारंगपुर की वार्षिक मीटिंग का आयोजन 15 जुलाई को रखी गई जिसमें नए डीलरों को शपथ दिलाई गई. रितिक जैन,अमित जैन,अंकित जैन पोरवाल एवं अनमोल जैन का स्वागत किया गया, बहुत से विषयों पर गंभीर चर्चाएं हुई, सीपीडीए राजगढ़ जिले के उपाध्यक्ष मनीष चौरसिया एवम संरक्षक गजेंद्र सिंह खींची ने अपने संबोधन विचार रखें जिसमें ,सभी डीलरशिप के सदस्यों ने नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग पर प्रतिबंधित फैसला का स्वागत किया है जहां-जहां कपड़े की थैलियां या कागज के एनवेलप डीलर एसोसिएशन वाले उपहार बतौर दे सकते हैं उसे देने का फैसला लिया गया. डीलर एसोसिएशन के 54 सदस्यो की सहमति से डीलर एसोसिएशन अध्यक्ष अरब अली के कार्यकाल को आगे बढ़ने का फैसला लिया गया. उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व अध्यक्ष अंशुल श्रीमाल ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए डीलर एसोसिएशन के सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया.

### ईव्हीमएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**राजगढ़ 16 जुलाई, का.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को ईव्ही.एम गोदाम का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंलने ईव्हीएम वेयर हाउस में आवश्यक प्रकरण व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवप्रसाद मंडराह भी मौजूद थे.

**समीक्षा ▶ राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जारी किए निर्देश, पेंडिंग मामलों में नाराजगी जताई**

## अवैध कॉलोनियों में नए प्लॉट के नामांतरण पर रोक

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जुलाई, का. बुधवार को राजगढ़ में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डा. गिरिश कुमार मिश्रा ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में नए भू-खण्डो का नामांतरण नहीं किया जाए. उन्होंने कहा कि पुराने भू-खण्डो का पुनः विक्रय किया जा सकता है. नगरीय निकायों को हिदायत देते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण के कार्य नहीं किए जाये.**

राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण करें




कलेक्टर द्वारा आरसीएमएस में दर्ज राजस्व न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि लम्बित प्रकरणों में शीघ्रता से निर्णय हो. अपील के मामले अनावश्यक लम्बित न रहे. दो से पांच वर्ष पुराने राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण किया जाये. बैठक में राजस्व से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई. बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रत्नेश श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यावरा श्रीमती गीतांजली शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहगढ़ सुशील कुमार सहित जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे.

### लम्बित मामलों पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि एक सप्ताह में राजस्व प्रकरणों की अच्छी प्रगति होनी चाहिए. उन्होंने नामांतरण के लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त किया तथा कहा कि नामांतरण के मामले लंबित नहीं रहना चाहिए. साइबर तहसील में दर्ज प्रकरण का भी गंभीरता से निराकरण करें. जाति प्रमाण पत्र बनवाने में किसी को कोई असुविधा न हो. हिट एंड रन के मामलों में शीघ्रता से प्रभावितों को राहत देने का कार्य करें. साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी बेहतर प्रदर्शन हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए.

## बिजली कटौती से 4 घंटे बंद रहीं पेयजल सप्लाई

### बिजली कटौती से कुशलपुरा, जलालपुरा से बंद रही सप्लाई

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जुलाई, का. नगर में कुशलपुरा डेम एवं घोड़ापछाड़ नदी स्थित जलालपुरा फिल्टर प्लांट से पेयजल सप्लाई होती है. बुधवार को दोनों जगह से करीब चार घंटे तक पेयजल सप्लाई बाधित रही जिससे नगर की पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ गया.**

कुशलपुरा डेम पर प्रात: 11 बजे से बिजली गुल हो गई जो दोपहर 2 बजे बाद आयी. इसी प्रकार जलालपुरा फिल्टर प्लांट से पेयजल सप्लाई होती है वहां पर दोपहर 12 बजे से बिजली गुल हो गई जो शाम 4 बजे के बाद आई.

नहीं हो सकी पेयजल सप्लाई

बिजली गुल होने के कारण नगर में पेयजल सप्लाई प्रभावित रही. बुधवार को राजगढ़ रोड, पंचशील कॉलोनी, सुदामा नगर में पेयजल सप्लाई होना थी जो कि नहीं हो सकी. पूर्व से पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा हुआ है ऐसे में यह अंतराल अब और बढ़ गया है. बारिश में भी नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है.

पेयजल आपूर्ति बिजली कटौती के कारण बाधित रही. ऐसे में जलप्रदाय का नगर में जो शेड्यूल बनाया गया है वह भी बिगड़ गया. ऐसे में नागरिक निर्धारित समय के अनुसार नल सप्लाई का इंतजार करते नजर आए.